प्रेस नोट 30/10/2023

**गोवध निवारण के क्रम में 04 गौ–तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक लदे 04 राशि गोवंशीय मवेशी बरामद–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरायलखंसी पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब आज दिनांक 30.10.2023 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान अदरी मोड़ के पास से एक पिकअप वाहन (यूपी60बीटी4789) में क्रूरतापूर्वक लदे 04 राशि गोवंशीय मवेशियों को बरामद कर वाहन चालक सरवन यादव पुत्र नीरु निवासी कुल्हाडिया खाश थाना नरही बलिया को गिरफ्तार किया गया, तत्पश्चात उक्त पिकअप को स्कोर्ट कर रही एक स्कार्पियो वाहन (यूपी35एफ3535) में बैठे 03 व्यक्तियों क्रमशः मदन मोहन यादव पुत्र कृष्णा मोहन निवासी इच्छा चौबेपुर थाना नरही बलिया, नरेन्द्र यादव पुत्र शिवमुनि निवासी भुडसुड़ी थाना हलधरपुर मऊ व अजीत यादव पुत्र राजकुमार निवासी ताजपुर डेहमा थाना करीमुद्दीनपुर गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध मु0अ0सं0 378/23 धारा 3/5ए/8 गोवध निवा0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 के अर्न्तगत अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।